https://printo.it/pediatric-rheumatology/IN_HI/intro

# मेवैलोनेट काइनेज कमी (MKD) या हाइपर आईजीडी सिंड्रोम

के संस्करण 2016

## 3. रोजमर्रा की जिंदगी

### 3.1 कैसे रोग बच्चे और परिवार के दैनिक जीवन को प्रभावित कर सकता है?

लगातार बिमारी के हमले सामान्य पारिवारिक जीवन को बाधित करते है और माता-पिता की नौकरी में हस्तक्षेप कर सकते हैं। इस बिमारी का निदान अक्सर काफी देरी से होता है जो माता-पिता की चिन्ता व अनावश्यक चिकित्सा प्रक्रिया में वृद्धि करता है।

### 3.2 स्कूल की उपस्थिति के बारे में क्या है?

लगातार हमले स्कूल में अनुपस्थिति का कारण होते हैं। शिक्षकों को रोग और प्रकरण के समय क्या करना चाहिए, यह बताना चाहिए।

### 3.3 खेल के बारे में क्या है?

खेल के मामले में कोई प्रतिबंध नहीं है। हालांकि, लगातार अनुपस्थिति मैच और प्रशिक्षण को प्रभावित कर सकती है।

### 3.4 आहार के बारे में क्या है?

इसके लिए कोई विशेष आहार नहीं है।

### 3.5 क्या जलवायु रोग को प्रभावित कर सकता है।

नहीं, ये नहीं करता।

### 3.6 क्या बच्चे का टीकाकरण किया जा सकता है?

हाँ, बच्चे का टीकाकरण किया जा सकता है और करना चाहिए, भले ही यह बुखार के प्रकरण

को उतेजति करता हो।
हालांकि, अगर बच्चा उपचार पर है तो डॉक्टर को सूचति करना चाहिए।

**3.7 क्या है यौन जीवन, गर्भावस्था, जन्म नयिंत्रण के बारे में?**

यह रोगी सामान्य यौन गतविधि का आनंद ले सकते हैं और बच्चे पैदा कर सकते हैं।गर्भावस्था के दौरान, यह प्रकरण कम हो जाते हैं। मेवैलोनेट काइनेज की कमी वाले से शादी करने का मौका कम है अगर वो आपके वसि्तारति परविार से ना हो। यदि आपका साथी मेवैलोनेट काइनेज की कमी का एक वाहक नहीं है तो यह रोग आपके बच्चे में नही हो सकता।